रु. 100

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

चीफ कैशियर

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BW 778565

हॉस्पीटल संस्थानों की स्थापना करना व शिक्षा के विभिन्न स्नातक, परास्नातक, स्तर पर शिक्षा केन्द्रों की स्थापना करना व उनका विधिवत संचालन कर युवक–युवतियों को स्वावलम्बी एवं आत्म निर्भर योग्य नागरिक बनाकर राष्ट्र विकास में सहयोग करना।

3. इंगलिश मीडियम के विद्यालयों का संचालन करना व प्रौढ़ शिक्षा व साक्षरता का अभियान चलाना। हिन्दी, अंग्रेजी विज्ञान व उर्दू आदि का प्रशिक्षण देना। शैक्षिक योग्यता के साथ–साथ तकनीकी शिक्षा टाइपिंग, कम्प्यूटर, सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, कताई एवं हस्तशिल्प आदि एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित कर उन्हें रोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाना।

4. महिलाओं का सामाजिक स्तर ऊँचा उठाना, इस हेतु महिला शिल्प कला केन्द्र, महिला छात्रावास, खोलकर विधवा एवं शिक्षित महिलाओं के जीविकोपार्जन के लिये साधन जुटाना उनमें स्वातलंबन की भावना उत्पन्न करने हेतु उन्हें विभिन्न तकनीकी विद्याओं से प्रशिक्षित करना। उन्हें आवास, भोजन, वस्त्र एवं दवा आदि की निःशुल्क व्यवस्था करना।

5. मूक बधिर बालक बालिकाओं के कल्याणार्थ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों को अपनाने के लिये संस्थाओं/प्रशिक्षण केन्द्रों, विद्यालयों की स्थापना करना।

6. संस्था के द्वारा जनोपयोगी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में बताना व जन जागरूकता लाना व इसके क्रियान्वयन, जनता के सहयोग हेतु प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराना।

7. निर्बल एवं असहायक, विकलांग, निर्धन बालक, बालिकाओं, मेधावी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर उन्हे छात्रवृत्ति प्रदान करना।

8. देश, प्रदेश व मण्डल की समउद्देश्यों वाली संस्थाओं से सम्बंध स्थापित कर योजनाओं को कार्यान्वित करना तथा राज्य सरकार, केन्द्र सरकार, विश्व बैंक, हरिजन समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग आदि से समय–समय पर दान, अनुदान एवं सहायतायें प्राप्त करना एवं उनका उपयोग संस्था के विकास के लिये करना।

मानेन्द्रकुमार